अमर उजाला 11/02/2026

गुरु-शिष्य परंपरा ने ज्ञान प्रणाली को किया समृद्ध : डॉ. अनिश

एनएसएस इकाई की ओर से शिविर का आयोजन

जीएमएन कॉलेज में आयोजित शिविर में शामिल शिक्षक और स्वयंसेवक। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से खुड्डा कलां गांव में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का समापन हुआ। यह दिवस भारतीय ज्ञान प्रणाली और केंद्रीय बजट जागरूकता विषयों पर केंद्रित रहा।

शिविर के अंतिम दिन कॉलेज में आईकेएस संयोजक डॉ. अनिश ने गुरु-शिष्य परंपरा विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार गुरु-शिष्य परंपरा ने सदियों से भारतीय ज्ञान प्रणाली को संरक्षित एवं समृद्ध किया है। इसके उपरांत केंद्रीय बजट पर चर्चा सत्र आयोजित किया गया।

इस दौरान स्वयंसेवकों को बजट की मूल संरचना, उद्देश्यों और सामाजिक-आर्थिक महत्व से परिचित करवाया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस सलाहकार समिति के सदस्य गीति बिंद्रा ने केंद्रीय बजट का माइंड मैप साझा किया।

एनएसएस अधिकारी डॉ. पिंकी गुप्ता ने सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर की समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और एनएसएस अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पुनिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।